# आदर्श सेवा समिति

## ग्राम–पलिया पश्चिम, पो0–रजखेता, जगदीशपुर, जनपद–अमेठी

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट– 2020–21

आदर्श सेवा समिति की स्थापना 02 अक्टूबर 1988 को गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर स्थानीय युवा वर्ग के सामाजिक सेवा भावना वाले महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के सर्वांगीण विकास एवं समाज के कल्याणकारी कार्यक्रमों के संचालन के उद्देश्य से किया गया। यह संस्था समिति पंजीकरण अधिनियम 21, 1860, एवं विकलांग जन अधिनियिम 1995 के अन्तर्गत पंजीकृत एक अलाभकारी सामाजिक स्वैच्छिक संगठन है।

### संस्था द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में आयोजित गतिविधियां एक दृष्टि में:–

| क्र0 | गतिविधियां | अवधि | किये गये कार्य | लाभार्थी | फोटोग्राफ्स |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिव्यांगजन वेलफेयर | 01.04.2020 से 31.03.2021 तक | दिव्यांगजनों के पेंशन हेतु आवेदन आनलान कराना और पेंशन दिलाने में सहयोग करना | सी0पी0–3 एमआर–14 | अनुपलब्ध |
| 2. | दिव्यांगता प्रमाण पत्र | 01.04.2020 से 31.03.2021 तक | दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आनलाइन आवेदन कराना और प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग करना | सी0पी0–2 एमआर–12 | अनुपलब्ध |
| 3. | डीएड विशेष शिक्षा (एम0आर0) पाठ्यक्रम का संचालन | 01.04.2020 से 31.03.2021 तक | डीएड विशेष शिक्षा (एम0आर0) पाठ्यक्रम का संचालन किया गया | 35 प्रशिक्षार्थी | संलग्न है |
| 4. | दिव्यांगजन स्कूल | 01.04.2020 से 31.03.2021 तक | मानसिक दिव्यांगजनों के लिए विशेष विद्यालय का संचालन | एमआर–60 | संलग्न है |

CHAIRMAN
ADARSH SEWA SAMITI
MUSAFIR KHANA
AMETHI

वर्ष के दौरान इस संस्था द्वारा किए गए क्रियाकलापों का विवरण इस प्रकार है :-

1. व्यावसायिक प्रशिक्षण-

संस्था द्वारा व्यावसायिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड मुसाफिरखाना के विभिन्न ग्रामों के चयनित 30 युवाओं को मोटर साइकिल / स्कूटर के रिपेयरिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया | 30 युवाओं को घरेलू ट्रांसफार्मर एवं 20 युवाओं को फल संरक्षण में प्रशिक्षण देकर उन्हे स्वरोजगार में नियोजित कराने का प्रयास किया गया |

2. हस्त शिल्प प्रशिक्षण -

संस्था द्वाराविकास खण्ड जगदीशपुर की ग्राम पंचायत कैमा, इमली गाँव, बेचूगढ़ की चयनित 30 महिलाओं को 6 माह का ज़री कार्य, होज़री व हस्त शिल्प में प्रशिक्षण एवं ग्राम पंचायत पूरब गाँव, रानीगंज एवं कटेहटी की चयनित 30 महिलाओं को 6 माह का चिकन कढ़ाई का प्रशिक्षण दिलाकर उन्हे स्वरोजगार में नियोजित कराया गया |

3. उधमिता विकास प्रशिक्षण-

विकास खण्ड जगदीशपुर एवं मुआफिरखाना के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों से 25-25 बेरोजगार वाओं का चयन किया गया और उन्हे 15-15 दिवसीय उधमिता विकास प्रशिक्षण के माध्यम से उधमिता की भावना का विकास किया गया | उनकी सोच, योग्यता एवं क्षमता के अनुसार उधम का चुनाव करने एवं उन्हे स्वरोजगार में स्थापित कराने का प्रयास किया गया |

CHAIRMAN
ADARSH SEWA SAMITI
MUSAFIR KHANA
AMETHI

4. <u>स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण :</u>

विकास खण्ड जगदीशपुर की ग्राम पंचायत पलिया पश्चिम, कमरौली, उतेलवा, मंगरौली एवम् नियांवा में स्वास्थ्य शिक्षा मातृ एवम् शिशु देखभाल टीकाकरण एवम् पोषण के सम्बन्ध में समूह बैठकों एवम् गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

5. <u>स्वच्छता जागरूकता</u> :

विकास खण्ड मुसाफिरखाना की ग्राम पंचायत भनौली, पिंडारा, दादरा, चंदीपुर, प्रेमशाहपुर के विभिन्न ग्रामों एवम् मुहल्लों एवम् पुरवो में <u>स्वच्छता</u> जागरूकता समूह बैठकों एवम् गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

6. <u>सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम</u> :

विकास खण्ड मुसाफिरखाना के विभिन्न सड़कों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यों का दीवार लेखन पम्प्लेट वितरण एवम् बैनर के माध्यम से तथा प्रचार वाहन द्वारा विभिन्न ग्रामों में जा कर माइक द्वारा प्रचार प्रसार करके विभिन्न प्रकार के वाहन चालकों जैसे दो पहिया वाहन एवम् चार पहियों वाहन एवम् माल वाहक छोटे एवम् बड़े वाहनों के चालकों एवम् छात्रों को सड़क सुरक्षा एवम् सुरक्षा से दुर्घटनाओं से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गाया ।

7. <u>कृषि जागरूकता कार्यक्रम</u> :

ग्राम पंचायत पूरब बेसारा, राम रायपुर, गुनैया, नायकोट के कृषकों को वैज्ञानिक रूप से दल्हनी एवं तिलहनी फसलो एवं औघोगिक फसलो की कृषि, बीज शोधन, मृदा परीक्षण एवं संतुलित उर्वरकों का प्रयोग के सम्बन्ध में जागरूक किय गया ।

CHAIRMAN
ADARSH SEWA SAMITI
MUSAFIR KHANA
AMETHI

8. <u>दिव्यांगजन कल्याण</u> :

संस्था द्वारा स्थानीय दिव्यांगजनों के लिये शिविर लगा कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने, पेंशन फार्म भरवाने एवं सहायक उपकरण सामग्री दिलाने में सहयोग करने का कार्य किया गया और विशेषज्ञों की टीम द्वारा उन्हें शैक्षिक, सामाजिक, एवं व्यावसायिक तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श एवं पुनर्वास के सम्बन्ध में मार्गदर्शन एवं जागरूक किया गया ।

9. <u>दिव्यांगजन अभिभावक जागरूकता</u> :

दिव्यांगजनों के अभिभावकों को दिव्यांगता के कारण, दिव्यांगता के प्रकार, शीघ्र पहचान, दिव्यांगता से बचाव व दिव्यांग बच्चों के सामुदायिक देखभाल एवं उन्हें पुनर्वासित करने के सम्बन्ध में जागरूकता गोष्ठियों के माध्यम से जागरूक किया गया ।

10. <u>विशेष शिक्षा में डिप्लोमा कार्यक्रम</u> :

संस्थान द्वारा टॉउन एरीया मुसफिरखाना में विशेष शिक्षा के अंतर्गत मानसिक दिव्यांगता के क्षेत्र में स्पेशल डी. एड. पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है. इस पाठ्यक्रम में 30 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





CHAIRMAN
ADARSH SEWA SAMITI
MUSAFIR KHANA
AMETHI

11. <u>दिव्यांगजनों हेतु विशेष विघालय का संचालन</u> :

संस्था द्वारा टॉउन एरीया मुसफिरखाना में दिव्यांग बच्चों की अच्छी एवं सुलभ शिक्षा हेतु 61 मानसिक मंदित एवं 60 मूक बधिर बच्चों हेतु विशेष विघालय का संचालन किया जा रहा है तथा संस्थान की एक शाखा फतेहपुर सिकरी जनपद आगरा उ.प्र. में कार्यरत है जहाँ संस्थान द्वारा विशेष विघालय चलाया जात है, जिसमें लगभग 67 दिव्यांग(M.R,C.P.) बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है।





हमारी संस्था द्वारा आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम अत्यंत सफल रहें हैं। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों व कर्मचारियों, स्थानीय, जनप्रतिनिधियो, समाजसेवी भावनाओं वाले युवाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

सभी लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की। ऐसे ही अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की जनता द्वारा मांग की गयी। इस प्रकार हमारी संस्था अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति में निरंतर अग्रसर है।

CHAIRMAN
ADARSH SEWA SAMITI
MUSAFIR KHANA
AMETHI

संस्थान द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांगजनों के लिए विशेष विद्यालय से संबंधित गतिविधियों के फोटोग्राफ्स



विशेष शिक्षकों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत विशेष छात्रों को शिक्षण प्रशिक्षण देते हुए।

CHAIRMAN
ADARSH SEWA SAMITI
MUSAFIR KHANA
AMETHI